समर कैंप में बढ़ाया बच्चों का ज्ञान

कानपुर। सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर में 'समर एक्स्ट्रा वोगैंजा' समर कैंप का आयोजन 8 से 13 जून तक किया गया। इसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिदिन अलग-अलग रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पहले दिन बुद्धि वर्ल्ड के संस्थापक व निदेशक मनीष गुप्ता ने 'गुड टू ग्रेड' के सिद्धांत को समझाया। दूसरे दिन मनीष गुप्ता ने लक्ष्य निश्चित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अलग-अलग शिक्षकों ने नृत्य कला की बारीकियां सिखाईं। इस मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल भावना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।